कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री अनवर खान पुत्र गबरू खान जाति मुसलमान निवासी बहडखो,तहसील महवा, जिला दौसा।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा।

अपील सं0 19/2021

निर्णय दिनांक :13.05.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल उपलब्ध नही करवाई गई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1097 दिनांक 15.04.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1204 दिनांक 03.05.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः भू0अ0/2021/1459 दिनांक 28.04.2021 द्वारा आवेदक को प्रति प्रेषित करने हुए इस कार्यालय को अवगत करवाया कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना एवं दस्तावेजों के संबंध मे स्पष्ट सम्वत दर्ज नही करने व खसरा नंबर आदि का उल्लेख नही करने से सूचना दिया जाना संभव नही है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा